राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग

क्रमांकः– प.16(13) सा.प्र. / 4 / 2013 जयपुर, दिनांक 22·6·16

1. प्रबंधक, समस्त विश्राम भवन, राजस्थान ।
2. 'प्रबंधक, ट्रांजिट होस्टल, गांधीनगर, जयपुर ।
3. प्रबंधक, राजस्थान हाउस / जोधपुर हाउस / स्टेट गेस्ट हाउस, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली ।

विषयः– विभागीय ऑडिट समिति की बैठक दिनांक 05.07.2016 के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रमुख शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में विभागीय ऑडिट समिति की बैठक दिनांक 05.07.2016 को आयोजित की जा रही है। समिति के विचारणीय विषय में शामिल आपके कार्यालय से संबंधित निम्नांकित बिन्दुओं की सूचना दिनांक 30.06.2016 तक अनिवार्य रूप से इस विभाग को भिजवावें ।

1. महालेखाकार के निरीक्षण प्रतिवेदन के बकाया आक्षेपों की सूचना प्रतिवेदन अवधि एवं बकाया आक्षेप संख्या अंकित करते हुए निम्नांकित प्रारूप में प्रेषित करावें।

क सं	प्रतिवेदन अवधि	बकाया आक्षेप संख्या	कुल बकाया आक्षेप

2. अंकेक्षण आपत्तियां (ओ.बी.आइट्म्स) की सूचना संपूर्ण विगत अंकित करते हुए प्रेषित करावें।
3. गबन / दुर्विनियोजन, चोरी, हानि आदि के मामलों की सूचना संपूर्ण विगत एवं वर्तमान प्रगति अंकित करते हुए प्रेषित करावें।
4. निरीक्षण विभाग से संबंधित अंकेक्षण प्रकरणों के बकाया आक्षेपों की सूचना प्रतिवेदन अवधि एवं बकाया आक्षेप संख्या अंकित करते हुए निम्नांकित प्रारूप में प्रेषित करावें।

क सं	प्रतिवेदन अवधि	बकाया आक्षेप संख्या	कुल बकाया आक्षेप

उक्त सूचना सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करावें।

(निधि मेहता)
मुख्य लेखाधिकारी